अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 18 मई 2026
प्रथम ज्येष्ठ शुक्ल-द्वितीया
विक्रम संवत-2083

PAGE NO.- 11 : MIDDLE

जोधा अकबर में दिखा प्रेम, आस्था और संस्कृतियों का संगम

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार की शाम नृत्य नाटिका जोधा अकबर का मंचन हुआ। इसमें प्रेम, विश्वास और सांस्कृतिक एकता की गाथा को मंचित किया।

नाटक में दर्शाया गया कि राजकुमारी जोधा भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त हैं, जबकि सम्राट अकबर इस्लाम धर्म के अनुयायी हैं। दोनों के बीच विचारों का अंतर होने के बावजूद प्रेम, सम्मान और समझ की भावना बनी रहती है। जोधा के नृत्य, भजन और भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

अकबर की भूमिका कथक गुरु देवज्योति नास्कर और जोधा की भूमिका कथक गुरु रियाश्री चटर्जी ने निभाई। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद